3.2. दिनांक 6 अगस्त 2005 से बैंकेतर संस्थाओं को मांग/नोटिस मुद्रा बाज़ार में परिचालन करने की अनुमति नहीं है।

**4. ब्याज दर**

4.1. पात्र सहभागियों को मांग/नोटिस मुद्रा बाज़ार में ब्याज दरें तय करने का अधिकार है।

4.2. देय ब्याज का परिकलन बाज़ार-प्रथाओं के संबंध में निर्धारित आय मुद्रा बाज़ार और व्युत्पन्न (डेरिवेटिव्ज) संघ की पुस्तिका के आधार पर किया जाएगा।

**5. कारोबार-सत्र**

5.1 मांग/नोटिस मुद्रा बाज़ार में सौदे कार्य-दिवस में सायं 5.00 बजे तक एवं शनिवार को अपराह्न 2.30 बजे तक या समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की जाने वाली समय-सूची के अनुरूप किए जा सकते हैं।

**6. प्रलेखन**

6.1. पात्र सहभागी फिमडा द्वारा सुझाए गए प्रलेखन अपना कर सकते हैं।

**7. रिपोर्टिंग अपेक्षाएं**

7.1. मांग/नोटिस मुद्रा में 18 सितंबर 2006 से शुरू की गई स्क्रीन-आधारित तयशुदा भाव बोली प्रणाली (एनडीएस-कॉल) पर किए जाने वाले सभी सौदों के लिए अलग से रिपोर्टिंग अपेक्षित नहीं है। सभी तयशुदा लेनदेन प्रणाली (एनडीएस) के सदस्यों को एनडीएस पर अपने मांग/नोटिस मुद्रा बाज़ार सौदों (एनडीएस-कॉल पर किए जाने वाले सौदों को छोड़कर) की रिपोर्टिंग प्रस्तुत करनी आवश्यक है। सौदों की रिपोर्ट 15 मिनटों के अंदर एनडीएस पर की जानी है, चाहे लेनदेन की मात्रा कुछ भी हो अथवा प्रति-पार्टी एनडीएस का सदस्य हो या नहीं। यदि एनडीएस का कोई सदस्य बार-बार अपने सौदों की रिपोर्टिंग नहीं करता है तो उस सदस्य द्वारा रिपोर्ट न किए गए सौदों को अवैध माना जाएगा।

7.2. एनडीएस पर रिपोर्टिंग समय कार्य-दिवस में सायं 5.00 बजे तक तथा शनिवार को अपराह्न 2.30 बजे तक या समय-समय पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की जाने वाली समय-सूची के अनुसार होगा।

7.3 एनडीएस पर मांग/नोटिस मुद्रा संबंधी लेनदेनों की रिपोर्टिंग में स्थिरता आ जाने और साथ ही रिपोर्टिंग की बोझ को कम करने की दृष्टि से दिनांक 11 दिसंबर 2004 से मांग/नोटिस/मीयादी मुद्रा लेनदेनों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक को फ़ैक्स भेजे जाने की प्रथा को बंद कर दिया गया है। तथापि, गैर-एनडीएस सदस्यों के बीच किए जाने वाले सौदों की रिपोर्ट पहले जैसे ही भारतीय रिज़र्व बैंक के वित्तीय बाज़ार विभाग (एफ़एमडी) को भेजा जाना जारी रहेगा (अनुबंध-।।)।

7.4 यदि आवश्यकता पड़ी तो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पात्र सहभागियों से फ़ैक्स द्वारा मुद्रा बाज़ार संबंधी लेनदेनों की जानकारी की मांग की जा सकती है।

